तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 12. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 26 दिसंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

सुशासन और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित थे बाजपेयी : जांगड़े

4



## खबर संक्षेप

### क्रिसमस पर मेनोनाइट चर्च के अलावा कैथोलिक चर्च में हुई विशेष प्रार्थना

**जांजगीर-चांपा।** शांति का मसीहा प्रभु यीशु का जन्म आधी रात को हुआ। प्रभु यीशु के आगमन के साथ शुभ समाचार के संदेश पर अधारित कैरोल गीत प्रस्तुत किया गया। जन्मोत्सव को लेकर दोनों चर्च में केक काटे गए तथा सांताक्लाज द्वारा चाकलेट व गिफ्ट बांटे गए। गुरुवार 25 दिसंबर को मसीही समाज के लोगों ने चर्च मैदान में प्रार्थना की। मसीही समाज द्वारा चर्च एवं घरों को रंग रोगन कर वेलवेट पेपर, झालर बिजली, तोरण आदि से सजाया गया है। जैसे ही घड़ी ने 12 बजने का इशारा किया , सड़कों पर आतिशबाजी शुरू हो गई। समाज के लोगों ने केक काटकर एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी और खुशियां मनाई गई। क्रिसमस को लेकर मसीही समुदाय द्वारा इस माह के शुरुआत से ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन चर्च में किया गया। कैरोल सिंगिग और धन्यवादी जलसा जगह-जगह आयोजित किया गया। मेनोनाइट मंडली द्वारा बड़ा दिन का जलसा, चरनी दान, ड्रामा और जवान सभा का आयोजन किया गया।

### शत प्रतिशत गणना फॉर्म कार्य पूर्ण करने वाले बीएलओ होंगे सम्मानित

**जांजगीर-चांपा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 1 जनवरी चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों से जहां के भाग संख्या पर 800 या उससे अधिक मतदाता है। प्रोत्साहन स्वरूप प्रशस्ति पत्र एवं 5 हजार रुपए नगद पुरस्कार प्रदाय दिया जाएगा। पुरस्कार बीएलओ को राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी के जिला स्तरीय समारोह में पुरस्कार का प्रदाय करेंगे। शत प्रतिशत कार्य करने वाले बीएलओ का चिन्हांकन, चयन, संबंधित वि.स.नि. क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

### सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में विराट हिन्दू सम्मेलन 28 को

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में रविवार 28 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से सकल हिंदू समाज बिर्रा मंडल के तत्वाधान में विराट हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में लक्ष्मण दास मानिकपुरी विभाग सेवा प्रमुख कोरबा, एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम कुमार शुक्ला भागवत आचार्य और विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती मंजू कश्यप सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थिति रहेगी। इस कार्यक्रम में सभी हिंदू भारत माता को परम वैभव के शिखर पर ले जाने एवं समस्त हिंदू समाज को संगठित एवं जागृत करने के उद्देश्य से विराट सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर सभी से उपस्थित होने का अपील किया गया है।

### आज प्रत्येक ग्राम में होगा विशेष ग्राम सभा

**जांजगीर-चांपा।** पंचायत संचालनालय छत्तीसगढ़, रायपुर के निर्देशानुसार पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार की नवीन योजना विकसित भारत देश रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) दृव्ही बी जी राम जी के प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता हेतु प्रदेश के सभी ग्रामों में 26 दिसंबर को विशेष ग्रामसभा आयोजित की जाएगी। विशेष ग्राम सभा के आयोजन के लिए ग्रामों में गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा तथा ग्राम सभा की तिथि एवं समय का व्यापक प्रचार-प्रसार विभिन्न माध्यमों से सुनिश्चित किया जाएगा। ग्राम सभा में ग्रामीणों, श्रमिकों, महिलाओं, अनुसूचित जाति-जनजाति परिवारों एवं अन्य कमजोर वर्गों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### चांपा स्टेशन में रेलवे के अफसरों ने की किलाबंदी चेकिंग

# बिना टिकट मिले 165 यात्री, ठोंका एक लाख से अधिक का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बगैर टिकट यात्रा करने वालों के खिलाफ अभियान चलाते हुए रेलवे के अफसरों ने चांपा स्टेशन में किलाबंदी चेकिंग की। इस दौरान 165 यात्रियों को बिना टिकट के पकड़ा गया। उनसे 1 लाख से अधिक का जुर्माना वसूल किया गया। इसके अलावा अनियमित टिकट समेत प्लेटफार्म टिकट नहीं होने से संबंधी अन्य मामलों में जुर्माना करते हुए कुल 238 मामलों में 1 लाख 42 हजार रुपए वसूली की गई।



किलाबंदी चेकिंग करते रेलवे के अफसर

गुरूवार 25 दिसंबर को रेलवे के अफसरों ने टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने, बिना टिकट यात्रा पर प्रभावी रोक लगाने तथा यात्रियों को रेलवे नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल द्वारा चाम्पा स्टेशन पर किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक डी.एस. चौहान के नेतृत्व में चला। इस दौरान मुख्य टिकट निरीक्षक एवं टीटीई स्टाफ की सक्रिय भागीदारी रही। अभियान के दौरान चाम्पा स्टेशन से गुजरने वाली 13 ट्रेनों में सघन टिकट जांच की गई। इस दौरान कुल 238 मामलों से 1 लाख 42 हजार 865 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया। इनमें बिना टिकट यात्रा के 165 मामलों से 1 लाख 6 हजार 985 रुपये, अनियमित टिकट के 57 मामलों से 33 हजार 980 रुपये, तथाबिना बुक किए गए लगेज के 16 मामलों से 19 सौ रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। मौके पर उपस्थित रेलवे के अफसरों ने बिना टिकट यात्रा करने वाले लोगों को समझाईश देते हुए नियमों का पालन करने की बात कही। रेल प्रशासन ने अफसरों ने कहा कि यात्री उचित एवं वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें तथा स्टेशन परिसर में प्रवेश से पूर्व प्लेटफार्म टिकट अवश्य खरीदें। एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए फुटओवर ब्रिज का ही उपयोग करें। रेलगाड़ी राष्ट्रीय संपत्ति है, इसे स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने में रेल प्रशासन का सहयोग करें। इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहेंगे, जिससे रेलवे नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके और यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान किया जा सके।

**की गई है कार्रवाई**

चांपा रेलवे स्टेशन में किलाबंदी चेकिंग करते हुए 238 लोगों से 1 लाख 42 हजार से अधिक का जुर्माना वसूल किया गया है। इस तरह की कार्रवाई रेलवे प्रशासन द्वारा आगे भी जारी रहेगी।

**-अंबिकेश साहू,**
जनसंपर्क अधिकारी
रेल मंडल बिलासपुर

# बकाया राशि को लेकर विभाग ने 140 उपभोक्ताओं के काटे कनेक्शन

### बलौदा एवं डभरा क्षेत्र में की गई संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बिजली बिल बकाया राशि वसूली को लेकर विभाग के द्वारा संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बलौदा एवं डभरा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 140 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई है। इन उपभोक्ताओं पर करीब 56 लाख से अधिक का बिजली बिल बकाया है।

ज्ञात हो कि बिजली विभाग के द्वारा उपभोक्ताओं से बकाया राशि वसूली को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इनके माध्यम से बकायादारों के कनेक्शन काटने के साथ उनसे वसूली भी की जा रही है। इसी कड़ी में बलौदा एवं सक्ती जिले के डभरा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 140 विद्युत उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए है। साथ ही इन उपभोक्ताओं से करीब 56 लाख रुपए की वसूली भी की जानी है। विद्युत अधीक्षण यंत्री अमर चौधरी के निर्देश के परिपालन में चांपा संभाग अंतर्गत बलौदा उप संभाग में संभाग स्तर पर मास डिस्कनेक्शन किया गया। जिसमे संभाग के सहायक व कनिष्ठ अभियंताओं से साथ कुल 08 टीम का गठन किया गया। इन उपभोक्ताओं पर कुल 275 बकायादार उपभोक्ताओं की सूची जिनकी राशि 72.89 लाख की दी गई। वहीं कुल 59 उपभोक्ताओं का विद्युत विच्छेदन किया गया जिसकी राशि 26.38 लाख है। इसके साथ ही 75 उपभोक्ताओं से 10.12लाख की वसूली की गई। इसी प्रकार अधीक्षण अभियंता के निर्देश के परिपालन में सक्ती संभाग अंतर्गत डभरा उप संभाग में संभाग स्तर पर मास डिस्कनेक्शन किया गया। जिसमे संभाग के सहायक व कनिष्ठ अभियंताओं से साथ कुल टीम का गठन किया गया। कुल 274 बकायादार उपभोक्ताओं की सूची जिनकी राशि 90.82 लाख की दी गई। कुल 80 उपभोक्ताओं का विद्युत विच्छेदन किया गया जिसकी राशि 30.17 लाख है। कुल 61 उपभोक्ताओं से 16.06 लाख की वसूली की गई ।



कनेक्शन काटने की कार्रवाई करता विद्युत विभाग का अमला

इस संबंध में अधीक्षण यंत्री अमर चौधरी का कहना है कि विभाग के द्वारा बिजली बिल बकायादारों के कनेक्शन काटने के साथ उनसे जुर्माना वसूल करने की कार्रवाई की जा रही है।

# बैनर में नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व कांग्रेसी पार्षदों का फोटो नहीं होने पर जमकर हुआ विवाद



मंच पर हो हंगामा मचाते पार्षद व कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा में अटल परिसर का वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान बैनर में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस पार्षदों का फोटो नहीं होने से नाराज कांग्रेसी पार्षदों ने कार्यक्रम का विरोध किया।

ज्ञात हो कि नगर पालिका परिषद के द्वारा तहसील कार्यालय के पास पुष्प वाटिका के सामने नवनिर्मित अटल परिसर का वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम गुरूवार 25 दिसंबर को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के अति विशिष्ट आतिथ्य, कैबिनेट मंत्री अरुण साव की अध्यक्षता एवं सांसद कमलेश जांगड़े के विशिष्ट आतिथ्य में गुरूवार 25 दिसंबर की सुबह 11 बजे संपन्न होना सुनिश्चित किया गया था। उद्घाटन कार्यक्रम के लिए बनाए गए मंच पर भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू,जिला महामंत्री नंदकुमार चौधरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शांति भारते एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेश केडिया सहित भाजपा के पार्षद गण मंच पर उपस्थित थे। जैसे ही मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ हुआ कांग्रेस के पार्षद राजकुमार अग्रवाल, विजय खांडेल एवं राजकुमार सिंह मंच के पीछे लगाए गए बैनर में नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति रोहित सारथी, उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह राणा सहित समस्त कांग्रेस के पार्षदों का फोटो नहीं लगाए जाने को लेकर नाराज हो गए एवं कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित तहसीलदार शशि भूषण सोनी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह से बैनर में नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं कांग्रेसी पार्षदों का फोटो नहीं होने को लेकर सवाल पूछा गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं तहसीलदार से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कांग्रेसी पार्षद एवं एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अंकित सिसोदिया, मनोज अग्रवाल सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मंच पर चढ़कर कार्यक्रम को निरस्त करने की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। हंगामा के बीच बड़ी मुश्किल से भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े ,पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, जिला महामंत्री नंद चौधरी एवं पार्षद पुरुषोत्तम नामदेव ने कार्यक्रम को संबोधित किया। हंगामा मचने एवं मंच में नाटकीय घटनाक्रम निर्मित होने के बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा मंच के पीछे लगाए गए बैनर को हटाया गया एवं उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न हो सका।

**नहीं लिया गया कोई सलाह**

अटल परिसर का लोकार्पण कार्यक्रम के लिए सीएमओ के द्वारा मुझसे कोई सलाह मशविरा नहीं किया गया था। मंच में लगने वाले बैनर में अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष सहित नगर पालिका के समस्त पार्षदों का फोटो नहीं होने के विरोध में कार्यक्रम मैं शामिल नहीं हुई हूं।

**-श्रीमती दीप्ति रोहित सारथी,**
नपाध्यक्ष, नपा अकलतरा

### समस्या...



**जांजगीर-चांपा।** नवागढ़ विकासखंड के ग्राम रिंगनी-कुकदा में बने पुल में आज तक रेलिंग नहीं लग पाया है। जिसके कारण हादसों की संभावना बनी रहती है। इसे लेकर जिम्मेदार विभाग के अफसर इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। बरसात के दिनों में संभावना और भी बढ़ जाती है।

### जावलपुर-बलौदा में रोजगार आजीविका ऋण मेला आज

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर महोबे ने 26 दिसम्बर को समरसता भवन जावलपुर, बलौदा में आयोजित होने वाले रोजगार मेला एवं आजीविका ऋण मेला की तैयारियों के संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि रोजगार एवं आजीविका ऋण मेला के माध्यम से स्व-सहायता समूहों के क्रेडिट लिंकेज में वृद्धि, प्रायोरिटी सेक्टर में ऋण वितरण का विस्तार तथा ग्रामीण एवं शहरी हितग्राहियों को विभिन्न स्व-रोजगार योजनाओं से जोड़े। मेले में मुद्रा, पीएम स्वनिधि, पीएमईजीपी, केसीसी, पशुपालन, मछलीपालन, पीएम एफएमई, एनयूएलएम, पीएम विश्वकर्मा सहित अन्य योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाए।

## समस्याओं के निराकरण व सभी माइनर में पानी की मांग को लेकर किसानों का आंदोलन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

समर्थन मूल्य पर धान बेचने में हो रही समस्याओं के निराकरण और रबी फसल के लिए जिले के सभी माइनर में पानी दिए जाने की मांग को लेकर किसानों द्वारा शुक्रवार 26 दिसंबर को धरना प्रदर्शन एवं रैली का आयोजन किया गया है। किसान केरा रोड स्थित बेरिस्टर भवन से रैली की शक्ल में कलेक्टोरेट पहुंचेंगे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कृषक चेतना मंच के संयोजक राजशेखर सिंह एवं सह संयोजक संदीप तिवारी ने बताया कि हसदेव बांगो बांध में पानी की कोई कमी नहीं है। बावजूद इसके सभी माइनर में पानी नहीं दिया जा रहा है, बल्कि किसान सभी माइनर में रबी फसल के लिए पानी की मांग कर रहे है। इसी प्रकार समर्थन मूल्य में धान बेचने में कई तरह की परेशानी हो रही है। जिसके निराकरण पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में इन सब बिन्दुओं को लेकर कृषक चेतना मंच के बैनर तले जिले के किसान शुक्रवार 26 दिसंबर को सुबह 11 बजे केरा रोड स्थित बैरिस्टर भवन के पास इकट्ठा होंगे। यहां से रैली की शक्ल में कलेक्टोरेट पहुंचकर अफसरों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। आंदोलन को सफल बनाने उन्होंने साभी किसानों से उपस्थिति की अपील की है।



### बोड़सरा उपार्जन सेंटर में 95 बोरी अवैध धान कराया जब्त

# कलेक्टर-एसपी ने किया खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कलेक्टर एवं एसपी ने खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस बीच बोड़सरा उपार्जन केन्द्र में 95 बोरी धान अवैध तरीके से होना पाया गया। जिस पर धान जब्ती की कार्रवाई कराई गई।

मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार 25 दिसंबर को जिले के कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय ने सिवनी (नैला), बोड़सरा, जावलपुर एवं बलौदा स्थित धान खरीदी केंद्रों का संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपार्जन कार्यों की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान बोड़सरा धान खरीदी केंद्र में लगभग 95 बोरी अवैध धान पाया गया, जिसका न तो टोकन कटा हुआ था और न ही किसी प्रकार की एंट्री दर्ज थी। उक्त धान को मौके पर ही जब्त किया गया। इस पर कलेक्टर ने खरीदी केंद्र प्रभारी एवं अधिकारियों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों से निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से धान खरीदी सुनिश्चित की जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस पर बोड़सरा समिति प्रबंधक एवं प्रभारी को हटाने के निर्देश सहकारिता विभाग के अधिकारी को दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपने-अपने आवंटित उपार्जन केंद्रों मे साप्ताहिक आबंटित पी वी को अनिवार्य रूप से पूर्ण करें तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही, उपार्जन केंद्रों में धान की स्टैकिंग निर्धारित मानकों के अनुरूप रखने निर्देशित किया। कलेक्टर-एसपी ने सभी खरीदी केंद्रों पर मूलभूल सुविधा, बारदाने की उपलब्धता, छाया, पेयजल, बैठने की व्यवस्था सहित किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान खाद्य अधिकारी कौशल साहू, डीएमओ रमेश लहरे सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण करनें पहुंचे कलेक्टर एवं एसपी।

# सूने मकान में घुसे चोर, पकड़े जाने के डर से निकल भागे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसमंदा

सूने मकान का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने टुल्लू पंप को चोरी करने का प्रयास किया। इस दौरान घर में लोगों को आते देख चोर भाग निकले। मामला चांपा थाना क्षेत्र के ग्राम कोसमंदा का है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चांपा थाना क्षेत्र के कोसमंदा मेंन रोड किनारे आंगनबाड़ी सहायिका लीला बाई रहते हैं। उनके पुत्र राम अवतार गांव में मिस्त्री मजदूरी का काम करता हैं। अज्ञात चोरों द्वारा कई बार चोरी करके आसपास के पंपो को भी चुरा ले गये। अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं लगा। अज्ञात चोर पंप चुरा करके ले जाने अधूरे प्रयास करके छोड़ दिया। दिन के समय 11 बजे चोरी करने का प्रयास किया मगर पकड़े जाने के डर से पंप छोड़कर भाग गये अपनी जान बचाकर भाग गया। जैसे ही राम अवतार अपने घर आया और मामले की सूचना थाने में दी। अज्ञात चोर के खिलाफ शिकायत करने की बात कह रहे है। हालांकि अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हुआ है।



## खबर संक्षेप

### विद्युत मंडल की मनमानी से उपभोक्ता त्रस्त

**चैतमा।** चैतमा वितरण केंद्र के अंतर्गत 60 से 70 गांव आते हैं जिनको बिजली सप्लाई चैतमा सब स्टेशन से किया जाता है किंतु आए दिन सुधार के नाम पर बिजली बंद किए जाने से ग्रामीणों के साथ साथ व्यवसायिक वर्ग भी परेशानी झेल रहा है। विभागीय कर्मचारियों को फोन करने के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं होने पर ग्रामीणों में आक्रोश फैल रहा है। उपभोक्ताओं को बिजली बिल बढ़ाकर दिए जाने से परेशानी बढ़ गई है। आम लोगों के द्वारा इसकी शिकायत भी ऊपर अधिकारियों से की गई। नवापारा के ग्रामीणों ने बिजली काटने का आवेदन दिया था लेकिन कनेक्शन नहीं काटा गया। जिसकी शिकायत उपभोक्ता द्वारा विभागीय उच्च अधिकारियों से की गई थी किंतु उच्च अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय उपभोक्ता से समझौता करने उसके घर चले गए। बुधवार को सुबह से लाइट बंद होने के कारण गांव में पानी की आपूर्ति भी ठप रही।

### जगन्नाथ धाम और कोणार्क की यात्रा पर यूथ हॉस्टल

**कोरबा।** साहसिक और रोमांचक गतिविधियों के अलावा पर्यावरण जैसे विषय पर काम करने वाले यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सदस्यों का समूह जगन्नाथ पुरी और कोणार्क की यात्रा पर रवाना हुआ है। इसमें कोरबा, रायपुर, कवर्धा, रायगढ और बिलासपुर इकाइयों के सदस्यों को शामिल किया गया है। बुधवार को सुबह नेहरू नगर से इन सदस्यों को डीएसपीएम पावर प्लांट के मुख्य अभियंता और संस्था के संरक्षक संजीव कंसल ने रवाना किया। इससे पहले मौके पर पूजा अर्चना की गई। संजीव ने कहा कि नए लोगों से परिचय करने के साथ यात्रा एक अच्छा कांसेप्ट है। सदस्यों के प्रस्थान के दौरान चेयरमैन संदीप सेठ सहित सदस्य मौजूद थे। बताया गया कि यूथ हॉस्टल की यह टीम ओडिशा के महत्वपूर्ण शहर जगन्नाथपुरी में भगवान के दर्शन पूजन के साथ मंदिर के ध्वज, समुद्र से जुड़े रहस्य को समझने की कोशिश करेगी। कोणार्क मंदिर के साथ समय चक्र व हजारों साल पहले भारत की वैज्ञानिक दृष्टि की विराटता भी अध्धयन का हिस्सा होगी।

### अरदा में सतगढ़ स्पोर्ट्स एंड कल्चरल मीट का आयोजन

**बांकीमोंगरा।** सतगढ़ तंवर समाज संभाग बिलासपुर के तत्वाधान में कोरबा शाखा के द्वारा ग्राम अरदा में दो दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ किया हैं। मुख्य अतिथियों द्वारा कोसगाई माता, छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र में माल्यार्पण व श्रीफल तोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दो दिवसीय खेल महोत्सव 24 एवं 25 दिसंबर को तंवर समाज के नवयुवकों द्वारा क्रिकेट, वॉलीबॉल सहित अन्य खेल में अपने गढ़ की टीम द्वारा प्रतिभाग लेंगे। विजेता टीम को सतगढ़ तंवर समाज का 43वां महासम्मेलन शाखा कोरबा के तत्वाधान में 26 से 27 दिसंबर को गेवरा बस्ती में समाज के पदाधिकारियों द्वारा मंच में सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा। अभी तक सत्तगढ़ स्पोर्ट्स एंड कल्चरल मीट आयोजन में पेंड्रागढ़, लाफ़ागढ, मातिनराज, पोड़ीउपरोड़ागढ़, चांपागढ़ी, छुरीगढ़ी तथा कोरबाराज तंवर समाज की इन आठ जमींदारियों के नवयुवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन मैदान में कर रहे हैं।

### सचिव संघ ने प्रदान की सहायता राशि



**कोरबा।** जनपद पंचायत करतला अंतर्गत ग्राम पंचायत के सचिव पद पर पदस्थ नीतू सिंह बिंझवार के निधन के पश्चात उनके परिजनों को पंचायत सचिव संघ की करतला इकाई के द्वारा 21 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। इस दौरान सचिव संघ के ब्लाक अध्यक्ष सत्यनारायण कंवर, प्रदेश उपाध्यक्ष संविता साहू, जितेंद्र जायसवाल, परमानंद राजवाड़े, कैलाश कर्मशील और सचिव संघ परिवार उपस्थित थे। नीतू सिंह की तबियत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया था उनकी मृत्यु हृदयाघात से होना बताया गया है।

# एनसीसी के छात्रों को सिखाया गया यातायात का पाठ, दी गई सायबर की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित एनसीसी कैंप में बुधवार को यातायात पुलिस पहुंची, जहां बच्चों को यातायात का पाठ पढ़ाया गया। साथ ही उन्हें सायबर क्राईम को लेकर भी जागरूक किया गया।

अलग खबर

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश यातायात पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई है जो हर दूसरे दिन शहर या उप नगरीय क्षेत्र या स्कूलों को चिन्हांकित कर रही है और स्कूलों में पहुंचकर सभी स्कूली बच्चों, शिक्षकों की 1 घंटे की पाठशाला लगाई जा रही है। बुधवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितिश ठाकुर सहित अन्य अधिकारी एनसीसी कैडेड के कैंप में पहुंचे, जहां कार्यक्रम में यातायात एएसआई मनोज राठौर द्वारा एनसीसी के बच्चों को हादसों को कैसे रोका जा सके और जिले में कैसे हादसे हो रहे हैं इसके लिए उनके द्वारा डेमो भी दिया गया और बच्चों को इसलिए जन जागरूकता के लिए चुना गया है कि उन्हें यह बताया जा रहा है कि अपने माता-पिता जो भी मोटरसाइकिल या स्कूटी लेकर घर से निकल रहे हैं उन्हें हादसों के बारे में प्रतिदिन याद दिलाने और हेलमेट न पहनने पर उसके क्या नुकसान हो रहे हैं और फायदे भी गिनाई जा रहे हैं और एनसीसी छात्रों को भी अपने पालकों को रोक-टोक करने के लिए कहा जा रहा है और या फिर चार पहिया वाहन का इस्तेमाल करने के दौरान कितनी गति में वाहन चलाना है और ओवरस्पीड की वजह से कैसे हादसे हो रहे हैं यह भी बताया जा रहा है और कार चलाते समय किन-किन बातों की सावधानी रखनी है और सीट बेल्ट का कैसे इस्तेमाल करना है यह भी बच्चों को बताया जा रहा है और उन्हें यह भी प्रेरित किया जा रहा है कि इसके लिए रोज अपने पालकों को रोकने टोकने के लिए ही कहा जा रहा है ताकि अपने बच्चों के रोकने टोकने पर पालक यातायात नियमों का पालन कर सकें और सड़क हादसों का ग्राफ को रोका जा सका। इसके अलावा कार्यक्रम में एनसीसी के बच्चों को सायबर जागरूकता को लेकर भी उन्हें जानकारी दी गई।

**सरस्वती शिशु मंदिर में एनसीसी के छात्रों का आयोजित है कैंप**

**खास बातें**

- प्रदेश के विभिन्न जिलो से पहुंचे है एनसीसी के सैकड़ों छात्र
- सड़क पर चलने की दी गई जानकारी



## आरोपियों में एक नाबालिग शामिल

# राजनीतिक व व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा बनी भाजपा नेता की हत्या की वजह, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कटघोरा के भाजपा नेता व जनपद सदस्य की हुई नृशंस हत्या का सनसनीखेज मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। राजनीतिक व व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा के चलते यह वारदात को एक नाबालिग सहित कुल चार लोगों ने मिलकर योजबनाद्ध ढंग से वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी एक दिन पहले ही भाजपा नेता को मारने में असफल हो गए थे, जिसके बाद उन्होंने मंगलवार को पुनः वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई एक चार पहिया वाहन, कुल्हाड़ी, तलवार सहित अन्य हथियारों को बरामद कर लिया है और आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कारखाना एरिया निवासी भाजपा नेता अक्षय गर्ग मंगलवार की सुबह अपने वाहन इनोवा कार क्रमांक जेएच 05 डीके 2244 से ग्राम कटोरी नगोई स्थित अपने कार्यस्थल पर गए हुए थे। सुबह लगभग 9.30 बजे अक्षय गर्ग कैंप के पास मजदूरों से कामकाज को लेकर चर्चा कर रहे थे। तभी एक चार पहिया वाहन से तीन अज्ञात व्यक्ति मौके पर पहुंचे और धारदार लोहे की टंगिया व चापड़ से उस पर जानलेवा हमला कर दिया था। हमले में अक्षय गर्ग के सिर, हाथ और पेट में गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी मौत हो गई थी। हत्या की वारदात के बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित अन्य अधिकारियों की टीम ने घटना स्थल पर कैंप किया था और आरोपियों के गिरेबाह तक पहुंचने के लिए पुलिस की टीम विभिन्न बिंदुओं पर तहकीकात में जुटी हुई थी। इस बीच पुलिस की टीम ने संदिग्ध वाहनों की जांच और पूछताछ के बाद तीन मलदा निवासी आरोपी मिर्जा मुस्ताक अहमद पिता महमूद अहमद उम्र 27 वर्ष, विश्वजीत ओग्रे (21 वर्ष), गुलशन दास (26 वर्ष) एवं एक नाबालिग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी मिर्जा मुस्ताक अहमद है। पूछताछ में मुख्य आरोपी मिर्जा मुस्ताक अहमद ने स्वीकार किया कि मृतक अक्षय गर्ग ठेकेदारी के कार्य में उसके काम को प्रभावित करता था और उसे कहीं भी ठेका नहीं लेने देता था, साथ ही हाल ही में हुए क्रिकेट प्रतियोगिता में फ्लेक्स में मिर्जा मुस्ताक अहमद की फोटो की नहीं छापने से भी नाराज़ था उसे यह बात नगवार गुजरी और इसी रंजिश के चलते मिर्जा मुस्ताक अहमद ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची थी। आरोपियों ने रेकी कर अक्षय गर्ग की लोकेशन मोबाइल फोन के माध्यम से साझा की और वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई वाहन क्रमांक सीजी 12 बीएफ 4345 व टांगी, लोहे का तलवार को बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। इस मामले को सुलझाने में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितिश ठाकुर, विमल पाठक, पंकज ठाकुर, भूषण एक्का, धर्मनारायण तिवारी, युवराज तिवारी, मृत्युजय पाण्डेय, दुर्गेश वर्मा, परमेश्वर राठौर, अजय सोनवानी, राजेन्द्र प्रताप सिड, चंद्रपाल खांडे, चद्रधर राठौर, राम पाण्डेय, धनंजय नेटी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।



वरिष्ठजनों का किया गया सम्मान।

## 121 वरिष्ठजनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रजत जयंती के अवसर पर वरिष्ठजनों के सम्मान एवं सहयोग के उद्देश्य से जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग तथा जनपद पंचायत कोरबा के संयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार की कम्पनी जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के सीएसआर कार्यक्रम अंतर्गत निःशुल्क जीवन सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन भारत भवन, भैसमा में किया गया।

कार्यक्रम में कुल 121 वरिष्ठजनों को 729 सहायक उपकरण निःशुल्क वितरित किए गए। मुख्य अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज में वरिष्ठजनों की महत्वपूर्ण भूमिका और उनके मार्गदर्शन की महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने सभी वरिष्ठजनों के दीर्घ, स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन की कामना करते हुए उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती बीजमोती, उपाध्यक्ष श्रीमती कौशल्या देवी, जनपद सदस्य भैसमा भूपेंद्र, सरपंचगण, अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

# कैदियों की सुविधाओं स्वास्थ्य व विधिक सहायता की गहन समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने एवं बंदियों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से श्री संतोष शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में जिला जेल कोरबा का सघन निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जेल में निरूद्ध कैदियों की स्थिति, उन्हें उपलब्ध करायी जा रही मूलभूत सुविधाओं की गुणवत्ता तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से दी जा रही सेवाओं की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना था।

निरीक्षण के दौरान बोर्ड सदस्यों ने जेल परिसर के विभिन्न हिस्सों का बारीकी से अवलोकन किया। उसमें कौदियों के बैरक, रसोईघर, स्वास्थ्य केन्द्र, स्वच्छता व्यवस्था तथा अन्य सामान्य उपयोग के स्थान शामिल रहे। अधिकारियों ने कौदियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उसी समस्याओं आवश्यकताओं एवं दैनिक दिनचर्या की जानकारी प्राप्त की। भोजन की गुणवत्ता, पोषण मानकों, चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता, दवाईयों एवं चिकित्सकों की उपस्थिति, शिक्षा कर्यक्रमों जैसी गतिविधियों का भी आकलन किया गया। जेल लीगल एड क्लीनिक की कार्यप्रणाली की भी जांच की गयी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कैदियों को समय पर और सरल रूप से कानूनी सहायता प्राप्त हो रही है। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश श्री संतोष शर्मा के अध्यक्षता में जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि कैदियों के लिए स्वच्छ वातावरण, पौष्टिक भोजन, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं बिना किसी व्यवधान के सुनिश्चित की जाए। वहीं निरीक्षण के दौरान 17 महिला एवं 189 पुरूष बंदी जेल में रहे। इस संयुक्त निरीक्षण में सुश्री मयुरा गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कु. त्राप्ति कु. ग्रेसी - न्यायिक मजिस्टेट, प्रथम श्रेणी, ओमप्रकाश यादव- अपर कलेक्टर कोरबा, नीतिश सिंह ठाकुर- अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, विजय लक्ष्मी- लोक निर्माण विभाग, सी.के. सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, तामेश्वर उपाध्याय- जिला शिक्षा अधिकारी, दिपेश भारती रोजगार अधिकारी, विनय कुमार उद्योग अधिकारी, मुकेश कुमार वेलफेयर अधिकारी एवं समाज कल्याण विभाग से उपसंचालक हरीश सक्सेना उपस्थित रहे।

### उपार्जन केंद्र कुल्हरिया में 85 बोरी धान जब्त

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले की सभी सहकारी समितियों में किसानों से गुणवत्तापूर्ण धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। वहीं उपार्जन केंद्रों पर अवैध, पुराने एवं गुणवत्ता-हीन धान के विक्रय पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत धान उपार्जन केंद्र कुल्हरिया का तहसीलदार पसान वीरेंद्र श्याम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम जजगी निवासी राजकुमार, पिता जयराम सिंह द्वारा विक्रय हेतु लाई गई 85 बोरी (लगभग 32 क्विंटल) धान की जांच की गई। जांच परीक्षण में उक्त धान पुराना व गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए किसान के 85 बोरी धान को जब्त कर सहकारी समिति के सुपुर्द किया गया।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इण्डोस्कोपी एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतों की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

## नगर निगम की पहल

# ठंड से लोगों को मिलेगी राहत, महापौर ने इलेक्ट्रिक हीटर का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम द्वारा शहर में स्थित रैनबसेरा, आश्रय स्थल, वृद्धाश्रम, प्रमुख चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थलों, बस स्टैण्ड आदि में 15 नग इलेक्ट्रिक ताप हीटर एक-दो दिन के अंदर ही स्थापित कर दिए जाएंगे। निगम की इस अभिनव पहल का उद्देश्य रैनबसेरा आश्रय स्थलों में रहने वाले लोगों तथा जरूरतमंदों, राहगीरों को ठिठुरन भरी ठंड से बचाना है ताकि उन्हें ठंड से राहत मिल सके।



इलेक्ट्रीक ताप हीटर का अवलोकन करती महापौर।

उक्त बातें महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने रैनबसेरा आश्रय स्थलों में इलेक्ट्रिक ताप हीटर के वितरण के दौरान कही। इलेक्ट्रिक ताप हीटर के उपयोग से एक ओर जहां लोगों को पर्याप्त गर्मी प्राप्त होगी, ठंड से राहत मिलेगी, तो वहीं दूसरी ओर ठंड से बचने हेतु जलाए जाने वाले कोयला लकड़ी से उत्पन्न धुएं व प्रदूषण से मुक्ति भी मिलेगी। रैनबसेरा में इलेक्ट्रिताप हीटर के दौरान वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, एम.आई.सी.सदस्य अजय गोंड़ व ममता यादव, कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह, राहुल मिश्रा, विपिन मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। निगम द्वारा एक सराहनीय व अभिनव पहल करते हुए लगातार बढ़ रही ठिठुरन भरी ठंड से राहत दिलाने हेतु बिजली से चलने वाले तथा सुरक्षित रूप से पर्याप्त गर्मी उत्पन्न करने वाले इलेक्ट्रिक ताप हीटर शहर में स्थित रैनबसेरा आश्रय स्थल, वृद्धाश्रम, बस स्टैण्ड, प्रमुख चौक-चौराहों पर लगाए जा रहे हैं। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निगम की इस अभिनव पहल का शुभारंभ करते हुए जिला चिकित्सालय मेडिकल कालेज कोरबा परिसर में स्थित रैनबसेरा पहुंची तथा इलेक्ट्रिक ताप हीटर प्रदान किया।

**इलेक्ट्रिक हीटर से न धुआं होगा, न प्रदूषण**

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि इलेक्ट्रिक ताप हीटर का उपयोग करने से न तो धुएं की समस्या होगा, और न ही प्रदूषण भी होगा। उन्होने कहा कि इलेक्ट्रिक हीटर सुरक्षित रूप से कार्य करेंगे तथा उनसे पर्याप्त मात्रा में गर्मी उत्सर्जित होगी तथा लोगों को धुएं व प्रदूषण की समस्या का सामना किए बिना ठंड से बचाव होगा।



# सात समुंदर पार गाने का नया वर्जन देख भड़के लोग

**नई दिल्ली।** 34 साल पहले एक फिल्म रिलीज हुई थी 'विश्वात्मा'। इसमें सनी देओल और दिव्या भारती सहित कई सितारे नजर आए थे। फिल्म का गाना 'सात समुंदर पार' खूब हिट हुआ था। आज भी लोगों की जुबां पर है। पर अब इस गाने को रीमेक किया गया है। कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' फिल्म के लिए। पर लोगों को ये नया वर्जन खास पसंद नहीं आ रहा है। ऊपर से लोग कह रहे हैं कि अच्छे खासे आइकॉनिक गाने को बर्बाद कर दिया। तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी के नए गाने की आलोचना हो रही है और कार्तिक आर्यन-अनन्या पांडे को जमकर ट्रोल भी किया जा रहा है।

लाइफ Style



# यामी
## शादी का कोई फिल्मी प्रपोजल नहीं था

फिल्ममेकर आदित्य धर 'धुरंधर' की कामयाबी से खुश हैं। इसमें रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, संजय दत्त और आर माधवन ने अहम किरदार निभाया है। हाल ही में आदित्य धर की पत्नी यामी गौतम ने अपनी शादी के बारे में कई खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि कैसे उनका रिश्ता बिना किसी फिल्मी ड्रामे के बेहतर बना।

एजेंसी ⏭ मुंबई

यामी गौतम ने बताया कि उनका रिश्ता फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' के वक्त बेहतर हुआ। उन्होंने कहा 'ऐसा कोई फिल्मी प्रपोजल नहीं था कि वह कहें कि हम आपको प्रपोज करने जा रहे हैं। मुझे आदित्य धर की सादगी पसंद आई। मुझे बस ये पता था कि हम शादी करने जा रहे हैं। दोनों के परिवार हमें मिलाना चाहते थे और काफी खुश थे।' अभिनेत्री ने बताया 'मैं चाहती थी कि मेरी शादी इस तरह से हो कि कुछ परिवार के लोग हों। हर किसी का आशीर्वाद हो और हमारे आस-पास प्राकृतिक वातावरण हो। मैं चाहती थी कि जहां शादी हो वहां बैकग्राउंड में ऊंचे-ऊंचे देवदार के पेड़ हों, पहाड़ियां हों।' यामी गौतम ने बताया कि उन्होंने अपनी शादी को इतना आसान बनाया कि उन्होंने खुद का मेकअप किया। उन्होंने कहा 'मैंने अपना मेकअप खुद किया। मुझे लगा कि यह बहुत मुश्किल है, लेकिन यह काम आसान था। सुरीली ने मेरे बाल बनाए।' आदित्य धर की तारीफ करते हुए यामी गौतम ने कहा 'वह ऐसे आदमी हैं जो आज के दौर में मिलना मुश्किल है। मैं जब 'आर्टिकल 370' का प्रमोशन कर रही थी, तब प्रेग्नेंट थी। उस वक्त आदित्य धर यह पक्का करना चाहते थे कि मैं कम्फर्टेबल रहूं।

हॉलीवुड मसाला



# डूम्स डे में कैप्टन की मिली झलक

**लॉस एंजिल्स।** 'एवेंजर्सः डूम्स डे' के टीजर में दर्शकों को अब साफतौर पर पता चल चुका है फिल्म में बतौर कैप्टन अमेरिका क्रिस इंवास की वापसी हो रही है। इस फिल्म को लेकर मार्वल एक्शन, सुपरहीरो मूवीज के फैन काफी उत्साहित हैं। टीजर में एक घर के गॉर्डन से सीन से शुरुआत होती है। इसमें फिल्म का एक अहम किरदार स्टीव (कैप्टन अमेरिका) अपने घर के बाहर मोटरसाइकिल चलता है। बैकग्राउंड में 'एवेंजर्स' थीम का पियानो वर्जन बज रहा होता है। स्टीव घर के अंदर जाकर कैप्टन अमेरिका का कॉस्ट्यूम एक बॉक्स से निकालता है।




# प्रियंका की बेटी खुद को कहती हैं 'इंडियन प्रिंसेस'

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा जोनस भले ही लॉस एंजिल्स में रहती हैं, लेकिन उनका दिल पूरी तरह से भारतीय है। वे अपनी बेटी मालती मैरी जोनस को भारतीय संस्कृति से जोड़े रखने के लिए हर मुमकिन प्रयास करती हैं। हाल ही में 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में आईं प्रियंका ने बताया कि विदेश में रहकर भी वह अपनी बेटी को भारतीय परंपराओं से जोड़े रखती हैं। प्रियंका ने बताया, 'मैं हमेशा कोशिश करती हूं कि मालती भारतीय संस्कृति और परंपराओं से अच्छे से जुड़ी रहे।' सबसे प्यारी बात जो प्रियंका ने मालती के बारे में बताईं, वो यह है कि जब भी मालती घाघरा-चोली पहनती हैं, तो खुद को 'इंडियन प्रिंसेस' कहती हैं। प्रियंका ने बताया, 'मालती को घाघरा, बिंदी और चूड़ियां बहुत पसंद हैं। मैं हमेशा उसके लिए ये चीजें लेकर जाती हूं।'



# मिर्जापुरः द फिल्म की शुरू हुई शूटिंग

**मुंबई।** पॉप्युलर वेब सीरीज में से एक 'मिर्जापुर' ने पहले सीजन से ही दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। यही वजह है कि दर्शकों ने इसके सारे सीजन को दिल से प्यार दिया है। जल्द ही 'मिर्जापुरः द फिल्म' दर्शकों के सामने दस्तक देगी। जिसकी शूटिंग शुरू हो गई है। श्वेता त्रिपाठी ने तो मुहूर्त पूजा से लेकर शूटिंग की कुछ झलक दिखाई है। साथ ही गुड्डू भैया उर्फ अली फजल ने भी एक वीडियो शेयर किया है। दरअसल, 'मिर्जापुरः द फिल्म' की शूटिंग राजस्थान में चल रही है। एक्टर अली फजल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह गुड्डू भैया के किरदार में चलते नजर आ रहे हैं। पोस्ट कर उन्होंने लिखा, 'मिर्जापुरः द फिल्म की शूटिंग इस समय जारी है और राजस्थान का शेड्यूल चल रहा है। खास तौर पर जैसलमेर और जोधपुर के लोगों का दिल से धन्यवाद।



# ईद पर धुरंधर2-टॉक्सिक का होगा क्लैश

**नई दिल्ली।** साल 2025 में ब्लॉकबस्टर फिल्मों की फेहरिस्त में धुरंधर टॉप पर है। फिल्म की कमाई इतनी ज्यादा हो रही है कि हर कोई इसकी कमाई को देखकर हैरान है। फिल्म की कमाई को देखते हुए मेकर्स ने अब इसके अगले पार्ट का ऐलान किया है, लेकिन मेकर्स ने शानदार दांव भी खेला है, जिसकी चर्चा अब हर कोई कर रहा है। धुरंधर 2 को ईद पर 19 मार्च 2026 को रिलीज़ किया जाएगा। इसी तारीख पर यश की टॉक्सिक भी रिलीज होने जा रही है। हाल ही में फिल्म से कियारा आडवाणी का लुक भी सामने आया है। ऐसे में अब बॉक्स ऑफिस पर इन दो बड़ी फिल्मों का क्लैश होगा। हालांकि, मेकर्स ने रिलीज डेट के साथ ही ये तय किया है कि धुरंधर पांच भाषाओं में आएगी और रिलीज डेट नहीं बदली गई है। भले ही गल्फ देशों में फिल्म को बैन किया गया हो।

टीवी मसाला



# नाना या नानी... अगस्त्य के लिए बिग बी ने खड़ी की मुसीबत

**नई दिल्ली।** बच्चे से लेकर बूढ़े तक हर किसी को अमिताभ बच्चन का शो कौन बनेगा करोड़पति बेहद पसंद है। वजह होस्ट अमिताभ बच्चन की हर जेनरेशन के लोगों से कनेक्टिविटी बनाने की अदा। हर बार कंटेस्टेंट के साथ-साथ शो में अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए एक्टर्स भी आते हैं और बिग बी सभी से बड़े सम्मान और लाड़-प्यार से पेश आते हैं। पिछले दिनों कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे हॉट सीट की गेस्ट बनकर आई थीं और अब इस कुर्सी पर उनके नाति अगस्त्या नंदा नजर आए। अगस्त्य बहुत जल्द फिल्म इक्कीस के साथ बड़े पर्दे पर डेब्यू करने वाले हैं। ये एपिसोड फुल ऑन फैमिली अफेयर होने वाला है, क्योंकि अगस्त्य के साथ इसमें श्वेता बच्चन और बहन नव्या भी नजर आने वाली हैं। हाल ही में इसका एक प्रोमो सोनी टीवी के इंस्टाग्राम पर रिलीज किया गया। इस दौरान कुछ सवाल जवाब का दौर चलता है। एक दर्शक अगस्त्य से सवाल करती है कि उनका पसंदीदा कौन है नाना (अमिताभ बच्चन) या नानी (जया बच्चन)। इसका जवाब देते समय अगस्त्य कहते हैं कि थोड़ा मुशक्लि है और वो हंसी-हंसी में सवाल को टाल देते हैं। लेकिन, अमिताभ जानबूझकर बीच में टोकते हैं और कहते हैं कि नहीं, नहीं बोलने दीजिए हमें भी जानना है। जयदीप मजाक करते हुए आसान राह बताते हैं और कहते हैं,'अगर वैनिटी में पिटना है तो नानी का नाम ले लो और घर जाके पिटना है तो नानू का नाम ले लो।' इक्कीस की कहानी सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की कहानी बयां करती है, जो परम वीर चक्र पाने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति थे।

## बाहुबली द एपिक अब ओटीटी पर होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** साल 2015 में आई 'बाहुबलीः द बिगिनिंग' और 2017 में रिलीज 'बाहुबली 2ः द कन्क्लूजन' को मिलाकर बनाई गई 'बाहुबली द एपिक' बीते



अक्टूबर में सिनेमाघरों में री-रिलीज हुई थी। अब 55 दिन बाद प्रभास और एसएस राजामौली की यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक दे रही है। यह फिल्म 25 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी। प्रभास, राणा दग्गुबाती, अनुष्का शेट्टी, तमन्ना भाटिया, राम्या कृष्णन और नासर स्टारर 'बाहुबली द एपिक' ने री-रिलीज पर दुनियाभर में ₹51.72 करोड़ कमाए। जबकि फ्रेंचाइज की पहली फिल्म 'बाहुबली' ने दुनियाभर में ₹650 करोड़, और 'बाहुबली 2' ने ₹1788 करोड़ का ग्रॉस बिजनेस किया था। जहां तक एसएस राजामौली की बात है, तो वह इन दिनों महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा के साथ अपनी फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चा में हैं। 'बाहुबली 2' के बाद उन्होंने 2022 में आरआरआर बनाई थी, जिसमें जूनियर एनटीआर और राम चरण लीड रोल में थे।

# 2025 में इन 7 स्टार किड्स ने किया डेब्यू

*नई दिल्ली। साल 2025 कई बॉलीवुड स्टार्स के लिए शानदार रहा, तो कुछ नए और स्टार किड्स के लिए भी खास रहा। कई स्टार किड्स ने इस साल डेब्यू किया। कुछ ने अपनी मेहनत और टैलेंट से सफलता पाई, तो कुछ को दर्शकों से औसत या निराशाजनक प्रतिक्रिया मिली। 2025 बॉलीवुड में नए चेहरों और स्टार किड्स का साल रहा। कई ने फिल्मों या वेब सीरीज से शुरुआत की। कुछ ने रोमांटिक, थ्रिलर या ड्रामा फिल्मों से एंट्री मारी। नेपोटिज्म की चर्चा के बीच कुछ स्टार किड्स ने साबित किया कि सिर्फ परिवार का नाम काफी नहीं, टैलेंट जरूरी है। आर्यन खान से अहान पांडे तक, कुछ के डेब्यू ने खूब धूम मचाई।*



**आर्यन खान** : शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान ने एक्टिंग नहीं, डायरेक्शन चुना। उनकी पहली वेब सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' नेटफ्लिक्स पर सितंबर में रिलीज हुई। आर्यन ने इसे लिखा, प्रोड्यूस और डायरेक्ट किया। सीरीज बॉलीवुड की चमक-दमक और अंदर की कहानियों पर थी। यह साल की सबसे चर्चित डेब्यू रही।

**अहान पांडे** : अनन्या पांडे के चचेरे भाई और चंकी पांडे के भतीजे अहान पांडे ने मोहित सूरी की रोमांटिक फिल्म 'सैयारा' से डेब्यू किया। फिल्म साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में शामिल हुई। अहान की एक्टिंग को बहुत सराहा गया। वे रातोंरात स्टार बन गए। उनका डेब्यू ब्लॉकबस्टर साबित हुआ।

**राशा थडानी** : रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने अभिषेक कपूर की पीरियड ड्रामा फिल्म 'आजाद' से एक्टिंग में कदम रखा। फिल्म 17 जनवरी को रिलीज हुई। राशा की डांस और एक्टिंग पसंद की गई, खासकर गाने 'उई अम्मा' को। लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हुई और फ्लॉप रही।

**अमन देवगन** : अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन ने भी 'आजाद' से ही डेब्यू किया। यह दोनों की पहली फिल्म थी, जिसमें अजय देवगन सपोर्टिंग रोल में थे। अमन की एक्टिंग को खास तारीफ नहीं मिली। फिल्म का प्रदर्शन कमजोर रहा।

**शनाया कपूर** : संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर ने विक्रांत मैसी के साथ फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से डेब्यू किया। फिल्म 11 जुलाई को रिलीज हुई। शनाया की एक्टिंग को औसत बताया गया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई।

**इब्राहिम अली खान** : सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे इब्राहिम अली खान ने खुशी कपूर के साथ 'नादानियां' से डेब्यू किया। यह रोमांटिक कॉमेडी नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। फिल्म को नेगेटिव रिव्यू मिले और यह फ्लॉप रही।

**सारा अर्जुन** : चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर पहले से काम कर चुकी सारा अर्जुन ने रणवीर सिंह के साथ 'धुरंधर' में मुख्य अभिनेत्री के तौर पर डेब्यू किया। फिल्म 5 दिसंबर को रिलीज हुई और 350 करोड़ से ज्यादा कमाई की। यह ब्लॉकबस्टर रही। सारा की एक्टिंग को खूब सराहा गया।

# सुजैन ने दोनों बेटों संग पोज देकर लिखा, 'शेरनी मां'


**मुंबई।** ऋतिक रोशन के कजिन ईशान रोशन ने ऐश्वर्या सिंह के साथ शादी रचाई है। शादी में पूरे रोशन परिवार ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसकी फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। शादी से पूर्व के फंक्शन में ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड सबा आजाद भी शामिल हुईं। हालांकि, तबीयत खराब होने के चलते वे शादी में शामिल नहीं हो पाईं। इस शादी के फंक्शन में ऋतिक की एक्स वाइफ सुजैन भी ग्लैमरस लुक में पहुंचीं। सुजैन खान ने आज बुधवार को इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने शादी के फंक्शन से अपनी फोटोज साझा किए हैं। वे ट्रेडिशनल लुक में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। साथ में उनके दोनों बेटे ऋेहान और ऋदान भी दिख रहे हैं। इस पोस्ट के साथ सुजैन खान ने कैप्शन लिखा है, 'शेरनी मां..., मेरे बेटों की मुस्कुराहट से मेरा दिल खुशी से भर गया है। मेरे रे (ऋेहान ) और रिद्जा (ऋदान)... यहां से लेकर समय के आखिर तक तुम दोनों मेरे सबसे बहादुर दिल वाले शूरवीर रहे हो, तुम दोनों को अपना कहने पर मुझे बहुत गर्व है'। ईशान रोशन, एक्टर ऋतिक रोशन के चचेरे भाई हैं। ईशान म्यूजिक कंपोजर राजेश रोशन



के बेटे हैं। ईशान एचआरएक्स फिल्म्स में प्रोड्यूसर के रूप में काम करते हैं। उन्होंने ऋतिक रोशन और यामी गौतम की साल 2017 में आई फिल्म 'काबिल'में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर भी काम किया था। बता दें कि ऋतिक रोशन और सुजैन की शादी साल 2000 में हुई थी। मगर, 2014 में इनका तलाक हो गया।

## गांव में फकीर के गानों की नकल करते-करते सीखा था गाना

# रफी ने मौत से चंद घंटे पहले रिकॉर्ड किया था आखिरी गाना



*नई दिल्ली। मोहम्मद रफी के गाने आज भी संगीत प्रेमियों के बीच खूब सुने और गुनगुनाए जाते हैं। रफी साहब ने प्रेम, दुख, सुख, देशभक्ति, भजन, बालगीत लगभग हर मिजाज के गीतों को गाया। उनके नाम लगभग 26 हजार गीत गाने का रिकॉर्ड है। मोहम्मद रफी को शहंशाह-ए-तरन्नुम भी कहा जाता था। वे बहुत कम बोलने वाले, जरूरत से ज्यादा विनम्र इंसान थे। रफी साहब ने अपने गांव में फकीर के गानों की नकल करते-करते गाना गाना सीखा था और एक वक्त ऐसा आया जब वो देश के सबसे ज्यादा सुने जाने वाले गायकों में से एक बन गए।*

### सैलून में करते थे काम भाई ने पहचाना हुनर

मोहम्मद रफी का जन्म 24 दिसम्बर 1924 को ब्रिटिश पंजाब के कोटला सुल्तान सिंह में हुआ। मोहम्मद रफी गायिकी की दुनिया में किसी प्लानिंग के तहत नहीं आए, बल्कि उन्हें ईश्वर ने सुरीले कंठ से नवाजा। उनके बड़े भाई ने इसे पहचाना और फिर उन्हें इस दिशा में आगे बढ़ने को प्रेरित किया। रफी साहब कम उम्र से ही अपने भाई के सैलून में काम करने लगे थे। यहां काम करते हुए वे गाने गुनगुनाते। उनके भाई ने रफी साहब के इस हुनर को पहचाना और फिर इसी दिशा में आगे बढ़ाया।

### हुनर के आगे बदली परिवार की सोच

मोहम्मद रफी का जन्म अल्ला राखी और हाजी अली मोहम्मद के घर हुए। उनके माता-पिता जट मुस्लिम परिवार से थे। आठ भाई-बहनों में मोहम्मद रफी सातवें नंबर की संतान थे। इनके भाई बहने थे- चिराग बीबी, रेशमा बीबी, मोहम्मद शफी, मोहम्मद दीन, मोहम्मद इस्माइल, मोहम्मद इब्राहिम और मोहम्मद सिद्दीक। घर पर मोहम्मद रफी को फिक्को कहकर पुकारा जाता। कहा जाता है कि रफी साहब का परिवार रुढ़िवादी था, जहां नाच-गाने पर पाबंदी थी। मगर, रफी के हुनर के आगे परिवार की सोच भी बदल गई।

### शाम फिर क्यों उदास है दोस्त

मोहम्मद रफी 31 जुलाई 1980 को दुनिया को अलविदा कह गए। संगीत और गायिकी से उन्हें ऐसा लगाव था कि निधन से सिर्फ चंद घंटे पहले उन्होंने गाना रिकॉर्ड किया था। वह गाना फिल्म 'आस-पास' के लिए था, जिसमें लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल का संगीत था। 31 जुलाई 1980 का ही दिन था, जब रफी साहब ने आखिरी बार अपनी मखमली आवाज से स्टूडियो को गुंजायमान किया था। निधन से चंद घंटे पहले ही वह 'आस पास' फिल्म के 'शाम फिर क्यों उदास है दोस्त, तू कहीं आसपास है दोस्त' गाने की रिकॉर्डिंग करके आए थे।

### बुखार में गाया था ये गाना

102 डिग्री बुखार में कोई शख्स ठीक से बोल नहीं पाता है, ऐसी परिस्थिति में अगर कोई गायक गीत गाता है तो ये उसके कर्म समर्पण की मिसाल को कायम करता है। गाने के बोल थे- जाने क्या ढूंढती रहती हैं ये आंखें मुझमें..। एक रिपोर्ट के अनुसार इस गीत की रिकॉर्डिंग के दौरान रफी साहब की तबीयत काफी खराब थी, लेकिन फिर भी उन्होंने अपनी सेहत की परवाह किए बिना इस गाने को रिकॉर्ड किया, ताकि संगीतकार और निर्मातओं का कोई नुकसान न हो जाए। साढ़े तीन मिनट के इस गाने को बुखार में भी मोहम्मद रफी ने शानदार तरीके से गाया था।

### बच्चों को नहीं आने दिया संगीत की दुनिया में

मोहम्मद रफी ने दो शादियां की थीं। कुल मिलाकर दोनों शादी से मोहम्मद रफी के सात संतानें हुईं। लेकिन, इनमें से किसी ने भी पिता की तरह संगीत में करियर नहीं बनाया। खुद मोहम्मद रफी के कारण ऐसा हुआ। रफी साहब पर लिखी अपनी किताब 'मोहम्मद रफी- माय अब्बा' में उनकी बहू और बहुत बड़ी फैन यास्मीन खालिद रफी ने इसका खुलासा किया है। किताब के मुताबिक 'रफी साबह खुद कभी नहीं चाहते थे कि उनके बच्चे भी उनकी तरह गायिकी करें। इसलिए उन्होंने अपने बच्चों को शुरू से ही बोर्डिंग स्कूल में पढ़ाया। वह बड़े आध्यात्मिक इंसान थे। वह कहते थे कि मुझ पर ऊपर वाले का करम है। लेकिन मुझे नहीं लगता कि मेरे बच्चे वो कर पाएंगे, जो मैंने किया है। वह नहीं चाहते थे कि उनके बच्चे समाज के उस दबाव को महसूस करें कि एक महान सिंगर के बच्चे भी उनकी तरह ही महान गायक बनें।'

## खबर संक्षेप

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले जिला उपाध्यक्ष अग्रवाल



**जांजगीर-चांपा।** विगत दिनों भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से उनके जांजगीर प्रवास के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने भेंट की। श्री नड्डा ने जांजगीर में आयोजित छग भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार के सफलतापूर्वक दो वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश परब कार्यक्रम मे मुख्य अभ्यागत के रूप मे शामिल होकर विशाल जनसभा को संबोधित किया।

### तीन दिवसीय गुरु घासीदास जयंती समारोह में शामिल हुई सांसद



**मालखरौदा।** सोनादुला में आयोजित तीन दिवसीय संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह कार्यक्रम में शामिल होने 23 दिसंबर को सांसद कमलेश जांगड़े पहुंची। इस दौरान खीकबाई मनहरण कमलेश - सभापति स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास तथा ग्रामवासियो ने मिलकर जोरदार से उनका स्वागत किया। उन्होंने सर्वप्रथम परम पूज्य बाबा गुरू घासीदास के जय स्तम्भ मे पूजा अर्चना किया इसके बाद जनपद विकास निधि की राशि से लगे ग्राम के सुरक्षा निगरानी सीसीटीव्ही कैमरा का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की बाबा गुरु घासीदास ने जो सात वचन दिये है, जो सत्य और अहिंसा के मार्ग बताये है उनको अपने जीवन मे अमल करते हुए अपने जीवन को धन्य ,और महान बनाना है। इसके साथ हि साथ उन्होंने डा.भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति स्थापना सह चबूतरा निर्माण कार्य के लिए 5.लाख राशि की घोषणा भी किये। इस अवसर पर कवि शरण वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत मालखरौदा, रितेश साहू उपाध्यक्ष , युराज चन्द्रा, अरविंद चन्द्रा, सरपंच प्रतिनिधि, रामकुमार जांगड़े, जनकु राम कमलेश, रामलाल सोनवानी, देवलाल कमलेश, श्यामंनोहर जांगड़े, रामकिशन कमलेश, अंजोरसाय,घासियाराम, राजेन्द्र, सीताराम जांगड़े, प्रेमलाल जांगड़े,मनहरण लाल कमलेश- उपाध्यक्ष भारतीय किसान संघ जिला सक्ति एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## निधन

### लोकेश्वरी योगी



**राहौद।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक व्यास नाथ योगी की धर्म पत्नी श्रीमती लोकेश्वरी योगी की आकस्मिक निधन गुरुवार 25 दिसंबर को हो गया। वे भाजपा नेता पूर्व जिला मंत्री धीरेन्द्र नाथ योगी व नगर पंचायत राहौद के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र नाथ योगी की माता है। अंतिम संस्कार शुक्रवार 26 दिसंबर को प्रातः 10 बजे नगर के स्थानीय मुक्तिधाम में होगी।

### धरमलाल कश्यप



**बहेराडीह।** ग्राम बहेराडीह के प्रतिष्ठित नागरिक धरमलाल कश्यप का बुधवार 24 दिसंबर को निधन हो गया। वे लम्बे समय से बीमार थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में ग्रामीणों के अलावा अंचल के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### स्नेहलता केशरवानी



**चांपा।** स्थानीय केशरवानी समाज के प्रतिष्ठित नागरिक तथा त्रिकुटी चौक पीआईएल रोड भोजपुर निवासी स्व. शोभाराम केशरवानी की धर्मपत्नी श्रीमती स्नेहलता केशरवानी का मंगलवार 23 दिसंबर को निधन हो गया। वे 85 वर्ष की थी। स्व. श्रीमती केशरवानी अपने पीछे एक पुत्र एवं तीन पुत्रियों का परिवार छोड़ गयी है। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 24 दिसंबर को दोपहर 12 बजे मवेशी बाजार पुराना कॉलेज रोड स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं समेत गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि पुत्र हेमदत्त केशरवानी ने दी।

### बहुराबाई देवांगन



**चांपा।** स्थानीय देवांगन समाज के प्रतिष्ठित नागरिक एवं कोसा व्यवसायी बरछापारा निवासी स्व. मुरारीलाल देवांगन की धर्मपत्नी श्रीमती बहुराबाई देवांगन का गुरूवार 25 दिसंबर को अपरान्ह 4 बजे निधन हो गया। वे 90 वर्ष की थी। स्व. श्रीमती देवांगन अपने पीछे पांच पुत्रों एवं दो पुत्रियों समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गयी है। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 26 दिसंबर को हसदेव बेरियर के पास पीआईएल बाइपास मार्ग स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया जायेगा। उनकी अंतिम यात्रा पूर्वान्ह 11 बजे बरछापारा स्थित निवासी से निकलेगी।

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटलजी की 101वीं जयंती पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

# सुशासन और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित थे वाजपेयी : जांगड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर गुरुवार 25 दिसंबर को भाजपाईयों ने नमन किया। अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर जिले में दिन भर कार्यक्रम चलता रहा। जांजगीर में सभी कार्यकर्ताओ ने अटल चौक जांजगीर में उनकी प्रतिमा में पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की। अटल स्मृति वर्ष' के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम और संगोष्ठियों का आयोजन किया गया।

जिले के चौक चौराहों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके जीवन पर डाकुमेंटरी व प्रदर्शनी का आयोजन भी किया। भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि अटल जी सुशासन और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित थे, उनके जीवन से सभी को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उनका व्यक्तित्व अत्यंत विराट था जो उनसे एक बार मिलता उनका कायल हो जाता। वे महान कवि के साथ साथ कुशल संगठक व एक अच्छे नेता थे। कार्यक्रम में सासंद कमलेश जांगड़े, पूर्व नेताप्रतिपक्ष नारायण चंदेल, नगरपालिका अध्यक्ष रेखा गढ़ेवाल, पूर्व सांसद कमला पाटले, चुन्नीलाल साहू, जिला महामंत्री नंद चौधरी, नंदनी रजवाड़े, जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, आशुतोष गोस्वामी, मोहन यादव, रवि पांडेय, संतोषी दुबे, हितेश यादव, विवेका गोपाल, अनिल शर्मा, राकेश रुपवानी, उमा सोनी, विवेक सिंह, उमेश राठौर, अनुराग तिवारी, प्रेमशंकर थवाईत, सुधीर झाझडिया, गुडडू कहरा, अजित गढ़ेवाल, दिनेश राठौर, अमित यादव, राजू खान, चुन्नी राठौर, भूपेन्द्र साहू, प्रदीप राठौर, आशीष साव, अजय कौशिक, देवा गढ़ेवाल, गोलू दुबे, सोनु यादव, संजीता माली, दुलौरिन चौरसिया, शिव चमन ठाकुर, प्रदीप सोनी, राहुल सेन, रितेश राठौर, प्रेमलता कौशिक, रिया यादव, मंजुषा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।



बीटीआई चौक स्थित अटल परिसर में श्रद्धा सुमन अर्पित करते भाजपाई।

### नरेंद्र मोदी विचार मंच ने मनाया अटल बिहारी बाजपेयी को किया याद



**सक्ती।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर 25 दिसम्बर को नरेन्द्र मोदी विचार मंच के प्रदेश सचिव रामनरेश यादव के ऑफिस में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनके छाया चित्र पर फूलमाला अर्पित कर उनके जीवन पर परिचय बताया। प्रधानमंत्री रहते हुए उनके द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पूरे भारत में लागू की, जिससे गांव के लोग शहर से जुड़े यह उन्हीं की देने एवं छत्तीसगढ़ का निर्माण प्रधानमंत्री अटल बिहारी की देन है। ऐसे महानुभाव को जिन्होंने देश के लिए देश की प्रगति के लिए हमेशा कार्य किया। कार्यकम मे उपस्थित रामनरेश यादव, सीमा देवागन,वरुण यादव सुशील पटेल उपस्थित रहे।

### सुशासन दिवस के रुप में मनाई गई भारत रत्न अटल की जयंती



**सक्ती।** नगर पालिका परिषद सक्ती द्वारा 25 दिसंबर को बुधवारी बाजार स्थित नवनिर्मित अटल परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के रुप में मनाई गई। इस अवसर पर कलेक्टर अमृत विकास तोपनों, भाजपा जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल, भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं नगर पालिका सक्ती के पार्षद प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम अटल परिसर में अटल बिहारी बाजपेयी के प्रतिमा पर आगंतुक अतिथियों ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें स्मरण किया। इस अवसर पर आयोजित मंचीय कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रहलाद पांडेय एवं उप यंत्री तारकेश्वर नायक ने आगंतुक सभी अतिथियों का पुष्पाहार से स्वागत किया। तत्पश्चात सीएमओ प्रहलाद पांडेय ने शासन के निर्देशानुसार सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर अमृत विकास टोपनो ने भी उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन दिवस के माध्यम से आम नागरिकों को छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना तथा शासन की योजनाओं का समुचित एवं बेहतर ढंग से क्रियान्वन करना ही मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर कलेक्टर तोपनों ने भी अटल बिहारी बाजपेयी को स्मरण किया। भाजपा जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल सहित अन्य पदाधिकारियो ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण अटल जी ने किया तथा अटल जी ने प्रधानमंत्री रहते हुए इस देश को एक नई दिशा दी। ऊंचाइयो की ओर अग्रेषित किया। उनकी जन्म जयंती पर हम सभी उन्हें स्मरण करते हैं। नगर पालिका परिषद सक्ती द्वारा 25 दिसंबर को आयोजित कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका सक्ती के उपाध्यक्ष भारत यादव, सांसद प्रतिनिधि संजय रामचंद्र, पूर्व भाजपा मंडल महामंत्री गोविंद देवांगन, धरमलाल रात्रे, सुरेश साहू, भाजपा के जिला सह कोषाध्यक्ष ऋषि कुमार गोयल, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष रामनरेश यादव, पूर्व जिला भाजपा उपाध्यक्ष मांगेराम अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल राजा, अभिषेक बंसल, गोविंदा निराला, पार्षद श्रीमती अनीता गोपाल यादव, रामावतार साहू, सुश्री केसरी द्विवेदी,शयन शुक्ला, मोहम्मद इब्राहिम खान, संतोष सोनी लाला, दिलीप सराफ,जिला मीडिया प्रभारी धनंजय नामदेव, भाजपा ग्रामीण मंडल शक्ति के पूर्व अध्यक्ष प्रेमलाल पटेल, नटवरलाल गोंड, सेवानिवृत्त तहसीलदार राम सिंह सिदार,मनोज सोनी सहित काफी संख्या में नगर पालिका शक्ति के जनप्रतिनिधि भाजपा के पदाधिकारी एवं गणमान्य में नागरिक मौजूद रहे।

### चंडीपारा के अटल चौक में मनाया गया भारत रत्न का 101वां जयंती



**पामगढ़।** छत्तीसगढ़ के निर्माता भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी का 101वां जन्म जयंती चंडीपारा के अटल चौक उरैहा में मनाया गया। इस अवसर पर चंडीपारा सरपंच तोषित रात्रे ग्राम सचिव उमेंद दिनकर, मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र कश्यप, किशोरी कश्यप, दिनेश कश्यप, मनाराम सिदार,अशोक यादव, सुरितराम, दिलेश्वर रात्रे, ललित कुमार, श्रीमती तेरस बाई,मंजू बाई एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर मण्डल उपाध्यक्ष सुरेंद्र कश्यप ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को हुआ था। वह भारत के दसवे प्रधानमंत्री थे। उन्होंने प्रधानमंत्री का पद तीन बार संभाला। वे हिंदी के कवि, पत्रकार एवं एक प्रखर वक्त थे। वे भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में एक थे। उन्होंने लंबे समय तक राष्ट्रधर्म पांचजन्य पत्र और वीर अर्जुन आदि राष्ट्रीय भावना से ओत प्रोत अनेक पत्र पत्रिकाओं का का संपादन किया।

# ज्ञान एवं उन्नति का स्रोत है नवोदय विद्यालय : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हसौद

- भूतपूर्व विद्यार्थियों ने वर्तमान छात्र-छात्राओं से किया संवाद

जवाहर नवोदय विद्यालय, चिस्दा, में भूतपूर्व विद्यार्थी समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पूर्व विद्यार्थियों, अतिथियों, शिक्षकों एवं वर्तमान छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय प्राचार्य डी.के. ठाकुर, प्रशांत रहाटे प्राचार्य, ज.न.वी. सरायपाली, निर्मल सिन्हा पूर्व विधायक, रामस्वरूप साहू पूर्व सरपंच, कैलाश साहू पूर्व जिला अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डी.के. ठाकुर ने अतिथियों एवं एलुमनाई का स्वागत करते हुए उनकी उपलब्धियों तथा बड़ी संख्या में उपस्थिति की सराहना की। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की कड़ी में कु. प्रियाग्नी भारती एवं साथियों ने नृत्य प्रशिक्षक सुश्री रिया सिदार के मार्गदर्शन में कत्थक नृत्य, जबकि दृष्टि चन्द्र व साथियों ने मनमोहक बिहू नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भूतपूर्व विद्यार्थी सचिन श्रीवास ने अपने अनुभव साझा किए तथा सुश्री रामेश्वरी ने "तेरी जय नवोदय" गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं स्टाफ का "शाल एवं एक पौधा" भेंट कर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि प्रशांत रहाटे ने विद्यालय की स्थापना के कठिन दौर को स्मरण करते हुए ग्रामवासियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा शिक्षा क्षेत्र में हुई प्रगति को तत्कालीन जनप्रतिनिधियों की दूरदर्शिता का परिणाम बताया। विद्यालय की गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर आधारित प्रतिवेदन अमर राहूजा (पी.जी.टी. गणित) द्वारा प्रस्तुत किया गया। निर्मल सिन्हा ने नवोदय विद्यालय को ज्ञान एवं उन्नति का स्रोत बताते हुए कहा कि यहां से निकलकर विद्यार्थी मेडिकल, तकनीकी, प्रशासन एवं शिक्षा जैसे क्षेत्रों में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। डॉ. कैलाश साहू ने कहा कि विविध पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थी समाज के अंतिम छोर तक विकास की रोशनी पहुंचा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान भूतपूर्व विद्यार्थियों ने वर्तमान छात्र-छात्राओं से संवाद किया। आगे की पढ़ाई, करियर एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़े प्रश्नों पर उपयोगी मार्गदर्शन दिया गया। इसी क्रम में भूतपूर्व विद्यार्थियों के पदाधिकारियों, प्राचार्य एवं शिक्षकों की बैठक भी हुई, जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग (सांसद/विधायक निधि) से चार अतिरिक्त कक्षों के निर्माण हेतु प्रयास करने पर सहमति बनी। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण कुमार पटेल तथा अंत में एस.के. कश्यप ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में 150 पूर्व विद्यार्थीगण और स्टाफ के परिजन उपस्थित थे।



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

### किकिरदा में नाचबो अऊ नचाबो डांस प्रतियोगिता 31 को

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा के बजरंग चौक में नाचबो अऊ नचाबो डांस प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार 31 दिसंबर को रात्रि 8 बजे से रखा गया है। डांस प्रतियोगिता अलग-अलग तीन विधाओं में होगा और तीनों विधाओं में आकर्षक पुरस्कार इनाम स्वरूप दिया जाएगा। ग्राम वासियों के द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही है।

### माता परमेश्वरी यज्ञ महापुराण 7 से

**बिर्रा ।** ग्राम पंचायत बिर्रा के देवांगन धर्मशाला में 7 जनवरी से संगीतमय माता परमेश्वरी यज्ञ महापुराण कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ होगा। इस दौरान माता परमेश्वरी की मूर्ति की स्थापना की जाएगी। प्रत्येक दिन शाम को 7 बजे बजे महाआरती होगा। व्यास आचार्य किशन राव महाराज चांपा वाले होंगे।

# शिविर में ग्रामीणों को दी गई कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तुस्मा

- तुस्मा में विधि जागरुकता शिविर का आयोजन

ग्राम ग्राम पंचायत तुस्मा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पैरालीगल वालिंटियर राजेश कुमार कश्यप द्वारा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़, मूल अधिकार एवं कर्तव्य, मध्यस्थता ,जागृति इकाई , डॉन, संवाद, आशा एवं साथी अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त करने की पात्रता तथा सहदेव दास महंत पैरालीगल वालिंटियर द्वारा गिरफ्तार व्यक्ति के अधिकार, यौन उत्पीड़न, नालसा कि योजनाओं गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, आपदा पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं, नशा पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं, आदिवासियों के अधिकार अधिनियम, निशुल्क कानूनी सहायता , नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, बाल विवाह, बाल श्रम, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन नंबर 1091, टोनही प्रताड़ना, स्पॉन्सरशिप योजना , प्रथम सूचना रिपोर्ट , माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण अधिनियम, आधार कार्ड की अनिवार्यता आदि के संबंध में जानकारी दिया एवं आसरा, करूणा, प्रयास, हमर अंगना, महिला एप अभिव्यक्ति एप के बारे में जानकारी दिया गया।



शिविर में ग्रामीणों को जागरुक करते अतिथि।

# स्वयंसेवकों ने घाट का किया सौंदर्यीकरण एवं ध्वज स्तंभ का स्थाई निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अमोरा मे संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तृतीय दिवस पर ग्रामीण विकास एवं जनसुविधाओं की दिशा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र परसाही नाला परिसर में ध्वज स्तंभ (फ्लैगपोल) का निर्माण पूर्ण किया गया। यह ध्वज स्तंभ अब स्वास्थ्य केंद्र की गरिमा को बढ़ाएगा एवं देशभक्ति की भावना को प्रज्वलित करेगा।

स्वयंसेवकों ने स्वयं श्रमदान कर इस कार्य को संपन्न किया, जो युवा शक्ति की सृजन शक्ति की सच्ची मिसाल है। एनएसएस के स्वयंसेवकों ने पारसनाथ धाम, परसाही नाला के घाट में सुविधाओं का विस्तार एवं छोटे निर्माण कार्य भी किया जा रहा है। इस पवित्र स्थल को और अधिक सुंदर एवं सुविधाजनक बनाने का प्रयास श्रद्धालुओं के लिए वरदान साबित होगा तथा धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इकाई के संयोजक, संरक्षक प्राचार्य आशीष मिश्रा एवं कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार यादव ने कहा, "हमारे स्वयंसेवक न केवल श्रमदान कर रहे हैं, बल्कि ग्रामीणों में सेवा भाव एवं स्वच्छता की भावना भी जगा रहे हैं। ऐसे शिविरों से युवा पीढ़ी राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी समझ रही है। एन एस एस इकाई अमोरा के इस उत्कृष्ट कार्य के लिए सरपंच, उपसरपंच, समस्त पंचगण और ग्रामवासियों ने सराहना की है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से हमारा गाँव और हमारा देश आगे बढ़ेगा।



साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश देते स्वयं सेवक।

## किसान स्कूल में 'किसान महोत्सव' आयोजित, 32 लोगों का हुआ सम्मान

# प्राचीन चीजों को धरोहर में अनोखे तरीके से संजोकर रखना बड़ा प्रयास : मीर अली मीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

बहेराडीह गांव में स्थित देश के पहले किसान स्कूल में 'किसान महोत्सव' आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कवि व गीतकार मीर अली मीर थे। अध्यक्षता सांसद कमलेश जांगड़े ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. संजय शेखर और छग राज्य हथकरघा संघ के अध्यक्ष भोजराज देवांगन, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल मौजूद थे।

यहां वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल में आयोजित किसान महोत्सव में 9 किसान, 9 पत्रकार और धरोहर के लिए पुरानी सामग्री भेंट करने वाले 9 लोगों समेत 32 लोगों का सम्मान किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि कवि व गीतकार मीर अली मीर ने कहा कि यहां प्राचीन चीजों को धरोहर में अनोखे तरीके से संजोकर रखा जा रहा है, जो बहुत बड़ा प्रयास है। किसान स्कूल के इस धरोहर को नई पीढ़ी को देखने जरूर आना चाहिए। उन्होंने कहा कि छग की भाजियों को जिस तरह से संरक्षित किया जा रहा है, यह तारीफ के काबिल है। महोत्सव की अध्यक्षता कर रही सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि किसान महोत्सव में किसानों, पत्रकारों और धरोहर में योगदान करने वालों का सम्मान किया जाना सराहनीय पहल है। कार्यक्रम को रायपुर के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. संजय शेखर, राज्य हथकरघा संघ के अध्यक्ष भोजराज देवांगन, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि आनंदप्रकाश मिरी, भाजयुमो के सक्ती जिलाध्यक्ष आलोक पटेल ने भी सम्बोधित किया। इससे पहले बिलासपुर सहकारी बैंक के अध्यक्ष रजनीश सिंह और भाजपा के रायगढ़ प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने किसान स्कूल का भ्रमण किया और किसान महोत्सव में पहुंचकर शुभकामना दी। कार्यक्रम का संचालन चाम्पा की जया अग्रवाल और आभार प्रदर्शन डॉ. सुरेश देवांगन ने किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य चुड़ामणि राठौर, बलौदा जनपद की पूर्व उपाध्यक्ष नम्रता नामदेव, सरपंच चन्द्रकला सरवन कश्यप, वरिष्ठ पत्रकार शैलेश शर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. केडी महंत, वैज्ञानिक रंजीत तिग्गा, श्यामलाल राठौर, शिवकुमार तिवारी उपस्थित थे।




कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

### हनुमंत आराधना के साथ नागलीला महोत्सव का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवरी-सारागांव

नागलीला महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को हनुमन्त आराधना के साथ हुआ। राधाकृष्ण नाटक मण्डली द्वारा आयोजित नागलीला महोत्सव में शुक्रवार को शंकर बंध तालाब में सुसज्जित नाव में नागलीला दिखया जाएगा।

नागलीला महोत्सव का शुक्रवार जुलूस 26 दिसम्बर को नगर के गौटिया चौक से निकाल कर शंकरबंद तालाब पहुंचेगी जहां भव्य आतिशबाजी के साथ नागलीला का आयोजन होगा। तीन दिवसीय नागलीला महोत्सव का शुभारंभ 25 दिसम्बर को बाजार चौक पर मुकुट पूजन हनुमंत आराधना के साथ राधा कृष्ण नाटक मण्डली व समिति की उपस्थिति में किया गया। 26 दिसम्बर शुक्रवार के शाम 6 बजे राधाकृष्ण नाटक मण्डली गौटिया परिवार व नगरवासियों द्वारा भजन कीर्तन के साथ श्री कृष्ण जी की झांकी को नगर के प्रमुख मार्ग पर भ्रमण कराते हुए शंकर बन्द तालाब पहुंचने के बाद सुसज्जित नाव से तालाब में नागलीला का भव्य दृश्य दिखाया जाएगा। 26 दिसम्बर को रात्रिकालीन शिवानी वैष्णव की प्रोग्राम एवं झांकी कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। वहीं शनिवार 27 दिसम्बर की रात्रि को प्रेम सुधा स्टार नाईट लोक कला मंच कार्यक्रम आयोजित है। नगर के बस स्टैंड के पास मीना बाजार व ब्रेक डांस ड्रायगान आकाश झूला सहित अन्य कई तरह के झूले व मनोरंजन के दुकान चालू हो चुके है। नगर के बाजार चौक के पास रात्रिकालीन कार्यक्रम के लिये भव्य पंडाल डेकोरेशन तैयार है।